**R/P/P/2024/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

**240605401**

**SET A**

विषय-भूगोल
**Subject-GEOGRAPHY**
द्वितीय प्रश्न-पत्र ( ऐच्छिक )
**Paper II (Optional)**
विषय कोड-06
**Subject-Code-06**

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 31

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु

अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं । प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है । उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें ।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे । अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है । ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 1-50 ) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | ( प्रश्न संख्या 51-150 ) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है । परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों । अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें ।
5. कृपया उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
6. परीक्षार्थी सभी रफ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र ( ओ.एम.आर. शीट ) पर भी नहीं ।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है ।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. शीट ) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे ।
11. उत्तर-पत्रक ( ओ.एम.आर. ) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. **This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.**
2. **Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.**
3. **In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.**

| | | |
|---|---|---|
| **Paper I** | **General paper** | **(Q. No. 1-50)** |
| **Paper II** | **Question paper on the Subject opted by the examinee** | **(Q. No. 51-150)** |

4. **No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.**
5. **Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.**
6. **Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).**
7. **If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.**
8. **Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.**
9. **Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.**
10. **Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.**
11. **Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.**

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer

51. निम्नांकित में से कौनसा भूखण्ड लॉरेशिया का भाग **नहीं** था ?

(A) उत्तरी अमेरिका

(B) ग्रीनलैण्ड

(C) दक्षिणी अमेरिका

(D) यूरोप

52. निम्नलिखित में से कौनसा एक सूक्ष्म-प्लेट का उदाहरण है ?

(A) सोमाली प्लेट

(B) कैरेबियन प्लेट

(C) फिलीपाइन प्लेट

(D) जुआन-डी-फूका प्लेट

53. ढाल प्रतिस्थापन सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(A) डब्ल्यू.एम. डेविस

(B) वाल्थर पेंक

(C) एम. सिमोन्स

(D) ए. यंग

54. भूकम्प की P-तरंगों का छाया क्षेत्र क्या है ?

(A) 103° – 180° (B) 45° – 90°

(C) 103° – 143° (D) 103° – 270°

55. वलन के शिखर (शीर्ष) और निकटवर्ती गर्त (द्रोणी) के बीच स्थित चट्टानी तलों के विस्तार को कहा जाता है :

(A) अक्षीय तल

(B) वलन की भुजा (लिंब)

(C) नतिलम्ब

(D) नति

51. Which of the following landmass was *not* a part of Laurasia ?

(A) North America

(B) Greenland

(C) South America

(D) Europe

52. Which one of these is an example of Micro-plate ?

(A) Somali Plate

(B) Caribbean Plate

(C) Philippine Plate

(D) Juan-de-Fuca Plate

53. Who propounded the theory of Slope Replacement ?

(A) W.M. Davis

(B) Walther Penck

(C) M. Simons

(D) A. Young

54. What is the shadow zone of P-waves of an earthquake ?

(A) 103° – 180° (B) 45° – 90°

(C) 103° – 143° (D) 103° – 270°

55. The stretch of rock beds lying between the crest and adjoining trough of the fold is known as :

(A) Axial Plane

(B) Limb of fold

(C) Strike

(D) Dip

mpcareer

56. शिलाफलक के घूर्णी पतन को जाना जाता है :

(A) शिला पतन (B) निपात

(C) अवतलन (D) लुढ़काव

57. निम्नलिखित में से किस ज्वालामुखी को 'भूमध्य सागर का प्रकाशस्तम्भ' कहा जाता है ?

(A) एटना (B) पिनाटुबो

(C) विसूवियस (D) स्ट्रॉम्बोली

58. इनमें से कौनसा ज्वालामुखी आपदा से सम्बन्धित है ?

(A) सुनामी

(B) मृदासर्पण (सॉलिफ्लक्शन)

(C) शैल सर्पण

(D) लहर

59. टेफ्रा के मध्यवर्ती आकार (02 से 64 मिमी.) के टुकड़ों को कहा जाता है :

(A) धूल

(B) झमक या प्यूमिस

(C) लैपिली

(D) ज्वालामुखी बम

60. डब्ल्यू. पैंक के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा स्थलरूप अपरदन चक्र के अंतिम उत्पाद का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) पैनीप्लेन (B) मोनेडनॉक

(C) उनाकास (D) इन्ड्रम्पफ

56. The rotational fall of a slab of materials is known as :

(A) Rock fall (B) Collapse

(C) Subsidence (D) Topple

57. Which one of the following volcanoes is known as the 'Lighthouse of Mediterranean Sea' ?

(A) Etna (B) Pinatubo

(C) Visuvious (D) Stromboli

58. Which one of these is related to volcanic disaster ?

(A) Tsunami

(B) Solifluction

(C) Rock creep

(D) Lahar

59. The fragments of intermediate size (02 to 64 mm.) of Tephra are known as :

(A) Dust

(B) Pumice

(C) Lapilli

(D) Volcanic Bomb

60. According to W. Penck, which of the following landforms represents the end product of cycle of erosion ?

(A) Peneplain (B) Monadnocks

(C) Unakas (D) Endrumpf

61. सौर स्पेक्ट्रम की कितनी ऊर्जा अवरक्त किरणों द्वारा वहन होती है ?

(A) 9% (B) 41%

(C) 50% (D) 68%

62. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(I) दिन के समय ऊपर की ओर चलने वाली हवा को केटाबेटिक हवा कहा जाता है ।

(II) सर्दियों में फॉन पवन के आगमन के बाद स्विट्जरलैण्ड की घाटियाँ जलवायु के लिए मरुद्यान बन जाती हैं ।

उपर्युक्त में से कौनसा/कौनसे कथन **सही** हैं ?

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) दोनों I एवं II

(D) न तो I न ही II

63. निम्नलिखित गैसों में से किसका निचले वायुमण्डल के संघटन में अन्य गैसों से कम हिस्सा है ?

(A) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)

(B) नियॉन (Ne)

(C) ऑर्गन (Ar)

(D) ओजोन ($O_3$)

61. How much energy of the Solar spectrum is carried by Infrared rays ?

(A) 9% (B) 41%

(C) 50% (D) 68%

62. Read the following statements :

(I) The upslope moving breeze during daytime is called Ketabatic wind.

(II) After the arrival of Foehn wind in winter, valley of Switzerland becomes climatic oasis.

Which of the above statement(s) is/are *correct* ?

(A) Only I

(B) Only II

(C) Both I and II

(D) Neither I nor II

63. Which one of the following gases has the lesser share than others in the lower atmospheric composition ?

(A) Carbon dioxide ($CO_2$)

(B) Neon (Ne)

(C) Argon (Ar)

(D) Ozone ($O_3$)

mpcareer

64. निम्नलिखित में से किसने जलवायु परिवर्तन का कार्बन डाइऑक्साइड सिद्धान्त का प्रतिपादन किया ?

(A) अल्फ्रेड वेगनर (B) चेम्बरलिन

(C) हंटिंगटन (D) टेलर

65. निम्नलिखित में से कौनसा एक गलत सुमेलित है ?

(A) Cfa : कोई शुष्क मौसम नहीं, गर्मियाँ गर्म

(B) Dw : शुष्क सर्दी और अत्यधिक तीव्र

(C) Bwh : निम्न अक्षांश शुष्क एवं सूखा

(D) Cfb : शुष्क गर्म ग्रीष्मकाल

66. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(I) समतापमंडल में सामान्यत: बहुत कम जलवाष्प या धूल होती है ।

(II) ओजोन के अणु समतापमंडल को गर्म करते हैं, जिससे ऊँचाई के साथ तापमान बढ़ता है ।

उपर्युक्त में से कौनसा/कौनसे कथन **सही** है/हैं ?

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) दोनों I एवं II

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. निम्नलिखित में से कौनसा भेड़ बादल के रूप में भी जाना जाता है ?

(A) अल्टो-स्ट्रेटस बादल

(B) अल्टो-क्यूमूलस बादल

(C) निम्बो-स्ट्रेटस बादल

(D) स्ट्रटो-क्यूमूलस बादल

64. Who of the following propounded Carbon dioxide theory of climate change ?

(A) Alfred Wegener (B) Chamberlin

(C) Huntington (D) Taylor

65. Which one is an incorrect match ?

(A) Cfa : No dry season, warm summer

(B) Dw : Dry winter and very severe

(C) Bwh : Low latitude arid and dry

(D) Cfb : Dry hot summer

66. Read the following statements :

(I) Stratosphere normally holds very little water vapour or dust.

(II) Ozone molecules warm the stratosphere causing temperature to increase with altitude.

Which one of the above statement(s) is/are *correct* ?

(A) Only I

(B) Only II

(C) Both I and II

(D) None of the above

67. Which one of the following is also known as Sheep clouds ?

(A) Alto-stratus clouds

(B) Alto-cumulus clouds

(C) Nimbo-stratus clouds

(D) Strato-cumulus clouds

mpcareer

68. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(I) ऊँचाई बढ़ने के साथ वायुदाब कम होता जाता है ।

(II) अधिक ऊँचाई पर वायु के अणु अधिक फैले होते हैं और दबाव कम होता है, क्योंकि अन्तर-आण्विक स्थान अधिक होता है ।

उपर्युक्त में से कौनसा/कौनसे कथन **सही** है/हैं ?

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) दोनों I एवं II

(D) न तो I न ही II

69. वर्षा निर्माण के टकराव-संलयन सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) ई.जी. बोवेन

(B) टोर बर्जेरोन

(C) बर्नार्ड वॉनगुट

(D) चार्ल्स बी.मूरे

70. निम्नलिखित में से कौनसी पूर्णतः मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस है ?

(A) क्लोरोफ्लोरोकार्बन

(B) नाइट्रस ऑक्साइड

(C) मीथेन

(D) कार्बन डाइऑक्साइड

68. Read the following statements :

(I) Air pressure decreases with increasing altitude.

(II) At higher altitudes, air molecules are more diffused and there is less pressure because inter-molecular space is greater.

Which of the above statement(s) is/are *correct* ?

(A) Only I

(B) Only II

(C) Both I and II

(D) Neither I nor II

69. Who propounded Collision-Coalescence theory of Rain-making ?

(A) E.G. Boven

(B) Tor Bergeron

(C) Bernard Vonnegut

(D) Charles B. Moore

70. Which of the following is entirely a human-caused Greenhouse Gas ?

(A) Chlorofluorocarbons

(B) Nitrous oxide

(C) Methane

(D) Carbon dioxide



mpcareer

71. महासागरीय जल सतह के तापमान पर निम्न में से किस कारक का प्रभाव **नहीं** पड़ता है ?

(A) अक्षांश

(B) प्रचलित हवाएँ

(C) सामुद्रिक धाराएँ

(D) महासागरीय गर्त

71. Which of the following factors does *not* affect the oceanic surface temperature ?

(A) Latitudes

(B) Prevailing winds

(C) Ocean currents

(D) Oceanic trenches

72. निम्नलिखित में से किस सागर में सबसे कम लवणता पायी जाती है ?

(A) भूमध्य सागर

(B) लाल सागर

(C) बाल्टिक सागर

(D) काला सागर

72. Which among the following seas has the least salinity ?

(A) Mediterranean sea

(B) Red sea

(C) Baltic sea

(D) Black sea

73. महासागरीय जल का तीव्रतम बहाव किस रूप में दिखायी देता है ?

(A) ड्रिफ्ट (B) धारा

(C) स्ट्रीम (D) ठंडी धारा

73. High speed movement of Ocean water is seen in the form of :

(A) Drift (B) Current

(C) Stream (D) Cold current

74. समस्त महासागरीय नितल का कितना क्षेत्र महाद्वीपीय मग्नतट से घिरा है ?

(A) 8.6% (B) 13.5%

(C) 20.5% (D) 6.5%

74. How much area of total ocean floor is covered with continental shelf ?

(A) 8.6% (B) 13.5%

(C) 20.5% (D) 6.5%

mpcareer

75. निम्नलिखित में से कौन **सही** सुमेलित है ?

(A) मेरियाना गर्त – दक्षिणी प्रशांत महासागर

(B) रोमशे गर्त – उत्तरी आन्ध्र महासागर

(C) क्यूराइल गर्त – सखालिन

(D) सुण्डा गर्त – पूर्वी प्रशांत महासागर

75. Which among the following is *correctly* matched ?

(A) Mariana Trench - Southern Pacific Ocean

(B) Romanche Trench - North Atlantic Ocean

(C) Kurile Trench - Sakhalin

(D) Sunda Trench - Eastern Pacific Ocean

76. निम्नलिखित में से कौन उदासीन किनारे का उदाहरण **नहीं** है ?

(A) हिमनद अवक्षेप किनारा

(B) डेल्टा किनारा

(C) ज्वालामुखी किनारा

(D) फ़ियोर्ड किनारा

76. Which among the following is *not* an example of neutral shorelines ?

(A) Outwash plain shorelines

(B) Delta shorelines

(C) Volcano shorelines

(D) Fiord shorelines

77. भारत में 'कोस्टल जोन रेगुलेशन' का सम्बन्ध है :

(A) महासागरीय धाराओं से सुरक्षा के साथ

(B) उन्मग्न किनारों से सुरक्षा के साथ

(C) सुनामी से सुरक्षा के साथ

(D) समुद्री बंदरगाहों की सुरक्षा के साथ

77. 'Coastal zone regulation' in India is related with :

(A) Protection from Ocean currents

(B) Protection from emergence of shore-lines

(C) Protection from Tsunami

(D) Protection of Sea ports



mpcareer

78. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है ?

(A) सारगेसो सागर – उत्तरी अटलांटिक महासागर

(B) कनारी धारा – उत्तरी अफ्रीका का पश्चिमी तट

(C) इर्मिंजर धारा – आइसलैंड का दक्षिणी तट

(D) फाकलैंड धारा – उत्तरी अमेरिका का पश्चिमी तट

79. अपभू ज्वार है :

(A) निम्न ज्वार

(B) उच्च ज्वार

(C) उच्च गति ज्वार

(D) टूटता–ज्वार

80. निम्नलिखित में से कौन ठंडी महासागरीय धारा **नहीं** है ?

(A) बेंगुएला धारा

(B) ब्राजील की धारा

(C) लैब्राडोर की धारा

(D) दक्षिणी अटलांटिक ड्रिफ्ट

78. Which among the following is *not* correctly matched ?

(A) Sargasso Sea - North Atlantic ocean

(B) Canary Current - West coast of North Africa

(C) Irminger Current - Southern coast of Iceland

(D) Falkland Current - West coast of North America

79. Apogean tide is :

(A) The low tides

(B) The high tides

(C) The very high speed tides

(D) Break-tides

80. Which of the following is *not* a cold oceanic current ?

(A) Benguela current

(B) Brazil current

(C) Labrador current

(D) South Atlantic Drift



mpcareer

81. भारत में नेशनल वाइल्डलाइफ एक्शन प्लान की शुरूआत की गई :

(A) 1963 में (B) 1973 में

(C) 1983 में (D) 1993 में

82. संयुक्त राष्ट्र संघ के पोषणीय समाज सिद्धांतों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) अनव्यकरणीय संसाधनों की रिक्तता को न्यूनतम करना ।

(II) पृथ्वी की पोषण क्षमता का अनुरक्षण करना ।

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर चुनिए :

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) दोनों I एवं II

(D) न तो I न ही II

83. 'सिविलाइजेशंन एण्ड क्लाइमेट' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(A) एल्सवर्थ हंटिंगटन

(B) मॉर्टिमर व्हीलर

(C) एलेक्जेण्डर मोरेट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. When was the National Wildlife Action Plan started in India ?

(A) 1963 (B) 1973

(C) 1983 (D) 1993

82. Consider the following statements with reference to UNO's sustainable society principles :

(I) Minimizing the void of non-renewable resources

(II) To maintain the nutritional capacity of Earth.

Select the *correct* answer from the code given below :

(A) Only I

(B) Only II

(C) Both I and II

(D) Neither I nor II

83. The author of the book titled 'Civilization and Climate' is :

(A) Ellsworth Huntington

(B) Mortimer Wheeler

(C) Alexandre Moret

(D) None of the above

mpcareer

84. पारिस्थितिक तंत्र की अस्थिरता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) जीव जन्तुओं की मौलिक प्रजातियों का विनाश करके ।

(II) पर्यावरणीय प्रक्रमों में हस्तक्षेप करके ।

(III) किसी क्षेत्र में ऐसे विदेशी जन्तुओं या पौधों का प्रवेश कराकर जो पहले उस क्षेत्र के मूल निवासी नहीं थे ।

नीचे दिए गये कूट से **सही** उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल I (B) केवल II

(C) I एवं II (D) I, II एवं III

85. शीतोष्ण कटिबंधीय घास क्षेत्रों के **सही** जोड़े बनाइए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| 1. पम्पास | (i) पूर्वी यूरोप एवं मध्य एशिया |
| 2. स्टेपी | (ii) उत्तरी अमेरिका |
| 3. डाउन्स | (iii) दक्षिणी अमेरिका |
| 4. प्रेयरी | (iv) न्यूज़ीलैण्ड |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

84. Consider the following statements with reference to Eco-system instability :

(I) By destroying the original species of animals.

(II) By interfering with environmental processes.

(III) By introducing into an area such foreign animals or plants that were not previously native to that area.

Select the *correct* answer from the code given below :

**Codes :**

(A) Only I (B) Only II

(C) I and II (D) I, II and III

85. Make the *correct* pairs to temperate grassland areas :

| List I | List II |
|---|---|
| 1. Pampas | (i) Eastern Europe and Central Asia |
| 2. Steppe | (ii) North America |
| 3. Downs | (iii) South America |
| 4. Prairie | (iv) New Zealand |

**Codes :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

86. जल प्रदूषण की दृष्टि से क्षिप्रा नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) उज्जैन नगर की सीमा में नदी का जल E श्रेणी का है ।

(II) इसका वांछित वर्ग C श्रेणी का है ।

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) I एवं II दोनों

(D) न तो I न ही II

86. From the point of view of water pollution consider the following statements regarding Kshipra river :

(I) The water of the river in the range of Ujjain city is of E category

(II) Its desired class is C class.

Select the *correct* answer from the code given below :

**Codes :**

(A) Only I

(B) Only II

(C) Both I and II

(D) Neither I nor II

87. जब पारिस्थितिक तंत्र में वृहदस्तरीय व्यवधानों या अव्यवस्थाओं के बाद प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में स्थिरता स्थापित हो जाती है, तो ऐसी स्थिरता को कहते हैं :

(A) स्थिरता लोचकता

(B) प्रत्यास्थ स्थिरता

(C) चक्रीय स्थिरता

(D) उपर्युक्त सभी

87. When stability is established in the natural ecosystem after large scale disruptions or disorders in the ecosystem then such stability is called :

(A) Resilience stability

(B) Elastic stability

(C) Cyclical stability

(D) All of the above

mpcareer

88. निम्नलिखित में से कौन एक हरितगृह गैस **नहीं** है ?

(A) $H_2$ (B) $CO_2$

(C) $CH_4$ (D) $N_2O$

89. निम्नलिखित में से कौन एक मुद्दा रियो डि जेनेरो सम्मेलन के प्रमुख **पाँच** मुद्दों में शामिल **नहीं** है ?

(A) भूमण्डलीय तापन

(B) वन संरक्षण

(C) कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन की मात्रा निर्धारण

(D) एजेण्डा-21

90. पर्यावरण से सम्बन्धित निम्नलिखित सम्मेलनों को आयोजन वर्ष के आधार पर आरोही क्रम में चुनिए :

(1) मॉण्ट्रियल प्रोटोकॉल

(2) पृथ्वी सम्मेलन

(3) टोरण्टो सम्मेलन

(4) वियना कन्वेंशन

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(A) 1, 3, 4, 2 (B) 4, 1, 3, 2

(C) 4, 3, 2, 1 (D) 4, 1, 2, 3

88. Which one of the following is *not* a Greenhouse Gas ?

(A) $H_2$ (B) $CO_2$

(C) $CH_4$ (D) $N_2O$

89. Which one of the following issues is *not* included in the major *five* issues of the Rio de Janeiro conference ?

(A) Global warming

(B) Conservation of forest

(C) Quantifying emissions of carbon dioxide

(D) Agenda-21

90. Select the following conferences related to environment in ascending order on the basis of year of event :

(1) Montreal protocol

(2) Earth summit

(3) Toronto conference

(4) Vienna convention

Select the *correct* answer from the code given below :

**Codes :**

(A) 1, 3, 4, 2 (B) 4, 1, 3, 2

(C) 4, 3, 2, 1 (D) 4, 1, 2, 3

mpcareer

91. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले निम्नलिखित कारकों में से कौनसा एक भौगोलिक कारक **नहीं** है ?

(A) जलवायु

(B) जल की उपलब्धता

(C) मिट्टी

(D) खनिज

92. जनसंख्या संक्रमण सिद्धान्त के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही **नहीं** है ?

(A) इसका उपयोग किसी भी क्षेत्र के भविष्य की जनसंख्या का वर्णन और भविष्यवाणी करने के लिए किया जा सकता है ।

(B) इसके अनुसार किसी प्रदेश की जनसंख्या उच्च जन्म एवं उच्च मृत्यु से न्यून जन्म एवं न्यून मृत्यु में परिवर्तित हो जाती है ।

(C) इसके अनुसार समाज ग्रामीण कृषि प्रधान व अशिक्षित से शहरी औद्योगिक एवं शिक्षित समाज की ओर प्रगति करता है।

(D) इसके अनुसार प्रथम चरण में उच्च प्रजनन क्षमता एवं कम मृत्यु दर के कारण जनसंख्या में वृद्धि होती है ।

91. Which of the following is *not* a geographical factor influencing the distribution of population ?

(A) Climate

(B) Availability of water

(C) Soils

(D) Minerals

92. Which of the following is *not* a correct statement in the context of demographic transition theory ?

(A) It can be used to describe and predict the future population of an area.

(B) According to it, population of any region changes from high births and high deaths to low births and low deaths.

(C) According to it, society progresses from rural agrarian and illiterate to urban industrial and literate society.

(D) According to it, the population increase in the first stage is due to high fertility and low mortality.

mpcareer

93. निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार कीजिए :

**अभिकथन (A) :** जनसंख्या वृद्धि से अभिप्राय किसी क्षेत्र विशेष में दो समय बिन्दुओं के बीच होने वाले परिवर्तन से है ।

**कारण (R) :** अशोधित जन्म दर (क्रूड बर्थ रेट) को एक वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित जन्मों की संख्या के रूप में अभिव्यक्त करते हैं ।

**सही** विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (A) व (R) दोनों सही हैं, तथा (R) (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) (A) व (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, किन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, किन्तु (R) सही है ।

94. ..........................प्रवास को 'रिटर्न माइग्रेशन' भी कहा जाता है ।

(A) ग्रामीण से शहरों की ओर

(B) शहरों से शहरों की ओर

(C) ग्रामीण से ग्रामीण की ओर

(D) शहरों से ग्रामीण की ओर

95. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, देश की जनसंख्या में तीसरी बड़ी भागीदारी वाला राज्य है :

(A) बिहार (B) महाराष्ट्र

(C) पश्चिम बंगाल (D) आंध्र प्रदेश

93. Consider the following Assertion (A) and Reason (R) :

**Assertion (A) :** Growth of population refers to the change of population in particular area between two points of time.

**Reason (R) :** The crude birth rate is expressed as number of live births in a year per thousand of population.

Select the *correct* option :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is wrong.

(D) (A) is wrong, but (R) is correct.

94. ..........................migration is also known as 'Return Migration'.

(A) Rural to Urban

(B) Urban to Urban

(C) Rural to Rural

(D) Urban to Rural

95. As per census of India 2011, the State with third largest share of population in the country is :

(A) Bihar (B) Maharashtra

(C) West Bengal (D) Andhra Pradesh

96. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य ने 2001-2011 की अवधि में जनसंख्या वृद्धि दर का ऋणात्मक मूल्य दर्ज किया ?

(A) मणिपुर (B) नागालैण्ड

(C) त्रिपुरा (D) मेघालय

97. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, देश में तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय कौनसा है ?

(A) जैन (B) सिख

(C) बौद्ध (D) ईसाई

98. निम्नलिखित में से कौनसा प्रवास का एक सूक्ष्म विश्लेषणात्मक मॉडल है ?

(A) जिफ मॉडल (B) ली मॉडल

(C) स्टॉफर मॉडल (D) रेवेन्सटीन मॉडल

99. निम्नलिखित में कौनसा मध्यकालीन नगर **नहीं** है ?

(A) नागपुर (B) दिल्ली

(C) हैदराबाद (D) कोलकाता

100. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा शहरी क्षेत्र का मापदण्ड **नहीं** है ?

(A) नगरपालिका, निगम या छावनी वाला स्थान

(B) न्यूनतम जनसंख्या 2500

(C) प्रतिवर्ग किमी क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व न्यूनतम 400 व्यंक्ति

(D) पुरुष कार्यशील जनसंख्या का न्यूनतम 75% गैर-कृषि कार्य में

96. As per census of India 2011, which of the following States registered negative value in population growth rate during the period 2001-2011 ?

(A) Manipur (B) Nagaland

(C) Tripura (D) Meghalaya

97. According to census of India 2011, which is the third largest religious community in the country ?

(A) Jains (B) Sikhs

(C) Buddhists (D) Christians

98. Which of the following is a micro analytical model of migration ?

(A) Zipf model (B) Lee's model

(C) Stouffer model (D) Revenstein model

99. Which of the following is *not* a medieval town ?

(A) Nagpur (B) Delhi

(C) Hyderabad (D) Kolkata

100. According to census of India 2011, which of the following is *not* a criteria for Urban area ?

(A) Place with municipality, corporation or cantonment

(B) A minimum population of 2500

(C) A population density of at least 400 persons per square kilometre

(D) At least 75% of the male working population in non-agricultural activities.



mpcareer

101. जिम्मरमैन द्वारा संसाधनों के वर्गीकरण का आधार क्या है ?

(A) प्राणिशास्त्रीय

(B) वितरण एवं आवृति

(C) नव्यकरणीयता

(D) प्राप्यता

102. वॉन थ्यूनेन का आर्थिक लगान पर आधारित द्वितीय मॉडल-फसल सिद्धांत, निम्नलिखित में से किस पर विचार नहीं करता ?

(A) बाजार भाव

(B) परिवहन लागत

(C) उत्पादन लागत

(D) कुल भूमि क्षेत्र

103. अल्फ्रेड वेबर के औद्योगिक स्थानीकरण के सिद्धांत के बारे में निम्नलिखित में कौनसा कथन सही नहीं है ?

(A) उनकी व्याख्या उत्पादन के लिए न्यूनतम लागत बिंदु खोजने पर आधारित है ।

(B) सामग्री सूचकांक = वस्तुओं के वजन/उद्योग में प्रयुक्त स्थानागत कच्चे माल का वजन

(C) कच्चे माल या निर्मित वस्तुओं की सापेक्ष लागत या न्यूनतम परिवहन लागत उद्योग की स्थापना निर्धारित करती है ।

(D) उन्होंने श्रम की लागत को बहुत प्रभावी बताया है ।

101. What is the basis of classifying resources by Zimmerman ?

(A) Zoological

(B) Distribution and frequency

(C) Renewability

(D) Availability

102. Von Thunen's second model based on economic rent-crop theory, does not consider which of the following ?

(A) Market price

(B) Transportation cost

(C) Production cost

(D) Total land area

103. Which of the following statements about Alfred Weber's theory of industrial location is *not* correct ?

(A) His explanation is based on finding the least cost point for production.

(B) Material Index = Weight of the product/weight of the localised raw material used in the industry.

(C) The relative transport cost of raw material or manufactured goods or minimum transport cost determines the establishment of industry.

(D) He has described the cost of labour very effective.

mpcareer

104. वीवर की फसल संयोजन विधि पर आधारित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) प्रत्येक फसल के क्षेत्रफल का कुल फसलों से प्रतिशत ज्ञात कर उन्हें घटते क्रम में रखा जाता है ।

(ii) इन फसलों का प्रथम फसल से प्रारंभ करके एक फसल, प्रथम दो फसल, प्रथम तीन फसल आदि का समूह बना लेते हैं ।

(iii) प्रत्येक फसल संयोजन की प्रत्येक फसल के सैद्धांतिक एवं वास्तविक प्रतिशतों के अंतर ज्ञात करके योग करते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा कथन **सही** है ?

(A) केवल (i) सही है

(B) केवल (ii) सही है

(C) केवल (i) एवं (ii) सही हैं

(D) केवल (iii) सही है

105. ऑगस्त लॉश का उद्योगों के स्थानीकरण का सिद्धांत निम्नलिखित में से किस विचार पर आधारित है ?

(A) न्यूनतम लागत

(B) अधिकतम लाभ

(C) आचरण मैट्रिक्स

(D) परिवहन व्यय

104. Consider the following statements based on Weaver's method of crop combination :

(i) Percentage of area of each crop from total crops is found and they are placed in descending order.

(ii) Starting from the first crop, these crops are grouped into one crop, first two crops, first three crops etc.

(iii) Difference between theoretical and actual percentage of each crop combination is found and added.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) Only (i) is correct

(B) Only (ii) is correct

(C) Only (i) and (ii) are correct

(D) Only (iii) is correct

105. Which of the following ideas is the basis of August Losch's theory of industrial location ?

(A) Minimum cost

(B) Maximum profit

(C) Conduct matrix

(D) Transport cost

mpcareer

**106.** सही सुमेल कीजिए :

| उद्योग क्षेत्र | प्रमुख उद्योग |
|---|---|
| (a) टोक्यो-योकोहामा | (i) मोटर कार |
| (b) मध्य यांग्त्जी | (ii) विद्युत इंजीनियरिंग |
| (c) राइन (रूर-वेस्टफालिया) | (iii) जहाज निर्माण |
| (d) बर्मिंघम (मिडलैंड) प्रदेश | (iv) लोहा एवं इस्पात |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**107.** 1.0 से कम बीटा इंडेक्स (β) वाले नेटवर्क के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है ?

(A) नेटवर्क डिसकनेक्टेड है ।

(B) नेटवर्क की कनेक्टिविटी सीमित है ।

(C) नेटवर्क पूरी तरह कनेक्टेड है ।

(D) नेटवर्क में अनावश्यक कनेक्शन है ।

**106.** Match correctly :

| **Industrial Area** | **Major Industry** |
|---|---|
| (a) Tokyo-Yokohama | (i) Motor cars |
| (b) The Middle Yangtze | (ii) Electrical Engineering |
| (c) Rhine (Ruhr-Westphalia) | (iii) Ship building |
| (d) The Birmingham Region (Midlands) | (iv) Iron and Steel |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**107.** Which of the following statements is *correct* about a network having a beta index (β) less than 1.0 ?

(A) The network is disconnected.

(B) The network has limited connectivity.

(C) The network is fully connected.

(D) The network has redundant connections.

mpcareer

**108.** कार्यात्मक प्रदेशों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही **नहीं** है ?

(A) इन प्रदेशों में सीमाएँ निश्चित करना हमेशा सरल होता है ।

(B) ये प्रदेश स्वरूपीय प्रदेशों की भाँति भूतल पर निरन्तरता बनाए नहीं रखते ।

(C) इन प्रदेशों का निकट के प्रदेशों से एकाधिक प्रकरणों में आर्थिक व सामाजिक सम्बन्ध बना रहता है ।

(D) ये प्रदेश सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से सम्बन्धित होते हैं ।

**109.** निम्नलिखित में से कौनसा मॉडल अल्बर्ट ओ. हर्षमैन ने प्रस्तुत किया ?

(A) सेंट्रो-परिधि मॉडल

(B) महानगर-उपग्रह मॉडल

(C) ध्रुवीकरण और ट्रिकल डाउन प्रभाव मॉडल

(D) वर्तुल-संचयी कारणात्मक सम्बन्धन मॉडल

**110.** क्षेत्रीय विकास में क्षेत्रीय विषमताओं को मापने हेतु सर्वप्रथम क्या करना आवश्यक है ?

(A) जनसाधारण की ज्ञानप्राप्ति की इच्छाशक्ति तथा प्रवृत्ति

(B) विकास के सूचकों की पहचान

(C) प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता

(D) क्षेत्रीय इकाइयों का आकार एवं संख्या

**108.** Which of the following statements is *not* true regarding functional regions ?

(A) It is always easy to determine the boundaries of these regions.

(B) These regions do not maintain continuity on the surface like formal regions.

(C) These regions have economic and social relations with the nearby regions in multiple cases.

(D) These regions are related to cultural background.

**109.** Which of the following models was presented by Albert O. Hirschmann ?

(A) Centro-periphery model

(B) Metropolis-satellite model

(C) Polarization and trickle down effects model

(D) Circular and cumulative causation model

**110.** What is first to be done as necessary to measure regional disparities in regional development ?

(A) Willingness and tendency of the public to acquire knowledge

(B) Identification of indicators of development

(C) Availability of natural resources

(D) Size and number of regional units

mpcareer

111. निम्नलिखित दक्षिण अमेरिका के देशों में से कौन ओपेक गुट (1960) का सदस्य है ?

(A) वेनेजुएला (B) कोलंबिया

(C) पेरू (D) ब्राजील

112. आधुनिक राजनीतिक भूगोल का जनक किसे माना जाता है ?

(A) कार्ल हॉशोफर

(B) रूडोल्फ जेलेन

(C) फ्रेडरिक रैटजेल

(D) हेल्फोर्ड जे. मैकिण्डर

113. मैकिण्डर का रणनीतिक मानचित्र वास्तव में किस प्रकार के प्रक्षेप पर तैयार किया गया था, जो अत्यधिक अतिरंजित था और आर्कटिक बर्फ के असीमित विस्तार के बारे में गलत धारणा पैदा करता था ?

(A) सिनुसॉयडल प्रक्षेप

(B) मर्केटर प्रक्षेप

(C) ध्रुवीय खमध्य प्रक्षेप

(D) अजीमुथल प्रक्षेप

111. Among the countries in South America which one of the following is a member of the OPEC bloc (1960) ?

(A) Venezuela (B) Colombia

(C) Peru (D) Brazil

112. Who is regarded as the father of modern Political Geography ?

(A) Karl Haushofer

(B) Rudolf Kjellen

(C) Friedrich Ratzel

(D) Halford J. Mackinder

113. Mackinder's strategic map was actually drawn on which type of projection which immensely exaggerated and created a wrong impression regarding the unlimited expanse of Arctic ice ?

(A) Sinusoidal projection

(B) Mercator projection

(C) Polar Zenithal projection

(D) Azimuthal projection

mpcareer

114. किस संगठन ने अंटार्कटिका के तट को हिन्द महासागर के दक्षिणी छोर के रूप में मान्यता दी है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय सीमा संगठन

(B) प्रवासन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन

(C) अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन

(D) अंतर्राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण संगठन

115. किसने सामाजिक भूगोल को "मानव भूगोल की चतुर्मुखी संरचना में जटिलता के तीसरे स्तर" के रूप में परिभाषित किया ?

(A) जीन ब्रून्स (B) कार्ल ओ. सॉयर

(C) रैटजेल (D) रिटर

116. "सामाजिक-सर्वेक्षण आंदोलन" की अवधारणा किसने दी है ?

(A) दुर्खीम

(B) ले प्ले

(C) ऑगस्ट कॉम्टे

(D) हर्बर्ट स्पेंसर

117. निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक कल्याण के बुनियादी घटकों से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) पोषण

(B) आश्रय

(C) रोजगार

(D) सामाजिक अस्थिरता

114. Which organisation has recognised the coast of Antarctica as the Southern extreme of the Indian Ocean ?

(A) International Border Organisation

(B) International Organisation for Migration

(C) International Maritime Organisation

(D) International Hydrographic Organisation

115. Who defined Social Geography as the "third level of complexity in human geography's fourfold structure" ?

(A) Jean Brunhes (B) Carl O. Sauer

(C) Ratzel (D) Ritter

116. Who has given the concept of "the social-survey movement" ?

(A) Durkheim

(B) Le Play's

(C) Auguste Comte

(D) Herbert Spencer

117. Which among the following does not belong to basic components of Social Well-being ?

(A) Nutrition

(B) Shelter

(C) Employment

(D) Social instability

mpcareer

118. निम्नलिखित में से कौनसा सांस्कृतिक क्षेत्र (प्रदेश) का एक प्रकार **नहीं** है ?

(A) अनौपचारिक सांस्कृतिक क्षेत्र

(B) कार्यात्मक सांस्कृतिक क्षेत्र

(C) अवधारणात्मक सांस्कृतिक क्षेत्र

(D) औपचारिक सांस्कृतिक क्षेत्र

119. किन्नौरी देवभूमि सांस्कृतिक क्षेत्र निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में फैला हुआ है ?

(A) हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड

(B) अरुणाचल प्रदेश और असम

(C) झारखंड और बिहार

(D) गुजरात और गोवा

120. कोंकणी निम्नलिखित में से किस राज्य में पहली भाषा के रूप में बोली जाती है ?

(A) जम्मू-कश्मीर

(B) ओडिशा

(C) कर्नाटक

(D) गोवा

118. Which one among the following is *not* a type of cultural region ?

(A) Informal Cultural Region

(B) Functional Cultural Region

(C) Perceptual Cultural Region

(D) Formal Cultural Region

119. Kinnauri Dev Bhumi Cultural Region sprawls over which of the following regions ?

(A) Himachal Pradesh and Uttarakhand

(B) Arunachal Pradesh and Assam

(C) Jharkhand and Bihar

(D) Gujarat and Goa

120. Konkani is the commonly spoken as the first language in which of the following States ?

(A) Jammu and Kashmir

(B) Odisha

(C) Karnataka

(D) Goa

mpcareer

121. पृथ्वी की परिधि मापने वाले पहले गणितज्ञ कौन थे ?

(A) टॉलमी (B) हार्टशोर्न

(C) रैट्ज़ेल (D) एरटोस्थनीज

122. 'अर्डकुण्डे' के कितने खण्ड हैं ?

(A) 15 (B) 16

(C) 19 (D) 21

123. मानचित्र पर समतापी रेखाओं का चित्रण सबसे पहले किसने किया था ?

(A) हम्बोल्ट (B) इदरिसी

(C) रिटर (D) रैट्ज़ेल

124. 1830 में रॉयल ज्योग्राफिकल सोसायटी की स्थापना कहाँ हुई थी ?

(A) यू.एस.ए. (B) जर्मनी

(C) ब्रिटेन (D) भारत

125. मेकिण्डर के भू-रणनीतिक दृष्टिकोण को क्या कहा जाता है ?

(A) क्षेत्रीय विभिन्नता की संकल्पना

(B) हृदय स्थल की संकल्पना

(C) केन्द्रीय स्थल की संकल्पना

(D) तंत्र उपागम

121. Who was the first Mathematician to measure the circumference of the Earth ?

(A) Ptolemy (B) Hartshorne

(C) Ratzel (D) Eratosthenes

122. How many volumes of 'Erdkunde' are there ?

(A) 15 (B) 16

(C) 19 (D) 21

123. Who was the first to depict the Isotherms on the map ?

(A) Humboldt (B) Idrisi

(C) Ritter (D) Ratzel

124. Where was the Royal Geographical Society established in 1830 ?

(A) U.S.A. (B) Germany

(C) Britain (D) India

125. The Geo-strategic view of Mackinder is known as :

(A) Concept of Areal differentiation

(B) Concept of Heartland

(C) Concept of Central place

(D) System approach

mpcareer

126. 'पुराणों का भूगोल' पुस्तक के लेखक कौन है/हैं ?

(A) बी.पी. पंडा एवं एल.एन. वर्मा

(B) आर.एन. मिश्रा एवं पी.के. शर्मा

(C) आर.ई. डिकिन्सन एवं ओ.जे.आर. हॉवर्थ

(D) एस.एम. अली

127. भूगोल में नव-नियतिवाद का जनक कौन है ?

(A) स्पेट (B) डिमांजियां

(C) टेलर (D) डेमोलिन्स

128. भूगोल में किस काल को अंधकार युग के नाम से जाना जाता है ?

(A) तीसरी शताब्दी से बारहवीं शताब्दी

(B) दूसरी शताब्दी से तेरहवीं शताब्दी

(C) पहली शताब्दी से दसवीं शताब्दी

(D) पाँचवीं शताब्दी से सोलहवीं शताब्दी

129. हम्बोल्ट ने किसकी गणना के लिए बैरोमीटर का उपयोग किया ?

(A) अक्षांश-देशान्तर की दूरी

(B) पर्वतों की ऊँचाई

(C) पवनों की गति

(D) पवनों की दिशा

130. भारतीय सर्वेक्षण विभाग की स्थापना कब हुई थी ?

(A) 1570 (B) 1686

(C) 1767 (D) 1965

126. Who is/are the author/authors of the book 'Geography of Puranas' ?

(A) B.P. Panda and L.N. Verma

(B) R.N. Mishra and P.K. Sharma

(C) R.E. Dickinson and O.J.R. Howarth

(D) S.M. Ali

127. Who is the father of Neo-determinism in Geography ?

(A) Spate (B) Demangeon

(C) Taylor (D) Demolins

128. Which time period is known as Dark age in Geography ?

(A) 3rd Century to 12th Century

(B) 2nd Century to 13th Century

(C) 1st Century to 10th Century

(D) 5th Century to 16th Century

129. Humboldt used the Barometer to calculate :

(A) Distance of Latitude-longitude

(B) Height of mountains

(C) Velocity of winds

(D) Direction of winds

130. When was the Survey of India (SOI) established ?

(A) 1570 (B) 1686

(C) 1767 (D) 1965

mpcareer

**131.** निम्नलिखित में से विस्तार गुणांक का सूत्र कौनसा है ?

(A) $\frac{L-S}{S-L}$ (B) $\frac{L+S}{L-S}$

(C) $\frac{L-S}{L-S}$ (D) $\frac{L-S}{L+S}$

**131.** Which of the following is the formula for coefficient of range ?

(A) $\frac{L-S}{S-L}$ (B) $\frac{L+S}{L-S}$

(C) $\frac{L-S}{L-S}$ (D) $\frac{L-S}{L+S}$

**132.** फ्रांस द्वारा SPOT उपग्रह किस वर्ष अंतरिक्ष में भेजा गया ?

(A) 1972 (B) 1986

(C) 1990 (D) 2020

**132.** In which year was SPOT satellite sent by France into space ?

(A) 1972 (B) 1986

(C) 1990 (D) 2020

**133.** निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए :

| **विद्वान** | | **विधि** |
|---|---|---|
| 1. सर फ्रांसिस गाल्टन | (a) | प्रकीर्णन |
| 2. स्पीयरमैन | (b) | यादृच्छिक संख्या |
| 3. लॉरेंज | (c) | सह-सम्बन्ध |
| 4. टिपेट | (d) | प्रतिगमन |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (B) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (C) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (D) | (b) | (d) | (c) | (a) |

**133.** Match the following correctly :

| **Scholar** | | **Method** |
|---|---|---|
| 1. Sir Francis Galton | (a) | Dispersion |
| 2. Spearman | (b) | Random Number |
| 3. Lorenz | (c) | Correlation |
| 4. Tippet | (d) | Regression |

**Codes :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (B) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (C) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (D) | (b) | (d) | (c) | (a) |

mpcareer

134. निम्नांकित आँकड़ों का माध्य व माध्यिका बताइए :

11, 16, 9, 5, 7, 15, 21

(A) माध्य = 84, माध्यिका = 5

(B) माध्य = 12, माध्यिका = 11

(C) माध्य = 7, माध्यिका = 7

(D) माध्य = 11, माध्यिका = 13

135. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) जियोइड (Geoid) का अर्थ पृथ्वी जैसा होता है ।

(2) WGS 84 एक भूकेन्द्रित आधार है ।

(3) USA द्वारा ERTSI उपग्रह 1972 में प्रक्षेपित किया गया ।

(4) लैण्ड सैट 4 (Landsat 4) में ETM + था ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा कथन **गलत** है ?

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) केवल 3 (D) केवल 4

136. रूट मीन वर्ग त्रुटि (RMSE) एक अच्छा संकेतक है :

(A) सूक्ष्मता का (B) परिशुद्धता का

(C) स्थिति का (D) दूरी का

134. Indicate the Mean and Median of the following data :

11, 16, 9, 5, 7, 15, 21

(A) Mean = 84, Median = 5

(B) Mean = 12, Median = 11

(C) Mean = 7, Median = 7

(D) Mean = 11, Median = 13

135. Consider the following statements :

(1) Geoid means 'Earth like'.

(2) WGS 84 is a geocentric datum

(3) ERTSI satellite was launched by USA in 1972.

(4) Landsat 4 had ETM +.

Which of the above statement is *incorrect* ?

(A) Only 1 (B) Only 2

(C) Only 3 (D) Only 4

136. Root Mean Square Error (RMSE) is a good indicator of :

(A) Precision (B) Accuracy

(C) Location (D) Distance

mpcareer

137. रडार (RADAR) प्रणाली विसर्जित करती है :

(A) लघुतरंग विकिरण

(B) अवरक्त विकिरण

(C) पराबैंगनी विकिरण

(D) दृश्य प्रकाश विकिरण

138. निम्नांकित में से कौन गैर-संभाव्यता नमूनाकरण का उदाहरण है ?

(A) साधारण यादृच्छिक

(B) स्तरीकृत यादृच्छिक

(C) व्यवस्थित यादृच्छिक

(D) कोटा प्रतिचयन

139. निम्नलिखित विधियों में से किसमें बीजीय चिन्ह नजरअंदाज किया जाता है ?

(A) मानक विचलन

(B) माध्य विचलन

(C) विस्तार

(D) चतुर्थक विचलन

140. भारतीय फोटो-इंटरप्रिटेशन संस्थान (IPI) कहाँ स्थित है ?

(A) हैदराबाद (B) बेंगलुरु

(C) देहरादून (D) श्रीहरिकोटा

137. RADAR system emits :

(A) Microwave Radiation

(B) Infrared Radiation

(C) Ultraviolet Radiation

(D) Visible Light Radiation

138. Which of the following is an example of non-probability sampling ?

(A) Simple Random

(B) Stratified Random

(C) Systematic Random

(D) Quota Sampling

139. In which of the following methods algebraic sign is ignored ?

(A) Standard deviation

(B) Mean deviation

(C) Range

(D) Quartile deviation

140. Where is Indian Photo-Interpretation Institute located ?

(A) Hyderabad (B) Bengaluru

(C) Dehradun (D) Sriharikota

mpcareer

141. निम्नलिखित में से भारत का कौनसा प्रदेश गंभीर रूप से सूखाग्रस्त क्षेत्र के अंतर्गत आता है ?

(A) राजस्थान का उत्तरी भाग

(B) तमिलनाडु का कोयम्बटूर पठार

(C) महाराष्ट्र का पूर्वी क्षेत्र

(D) उत्तर प्रदेश का दक्षिणी क्षेत्र

142. वह क्षेत्र जहाँ नदी बिना किसी उचित रूप से सीमांकित चैनल में पुनः उभरती है तथा जहाँ दलदली स्थितियाँ हों, उसे कहते हैं :

(A) भाबर (B) तराई

(C) बांगर (D) खादर

143. शोला वन भारत के कौनसे इलाके में पाये जाते हैं ?

(A) माउण्ट आबू के पास अरावली की पहाड़ियों पर

(B) शिवालिक हिमालय पर

(C) उत्तर-पूर्वी हिमालय पर

(D) नीलगिरि, अन्नामलाई एवं पलानी पहाड़ियों पर

141. Which one of the following regions of India comes under severely drought prone area ?

(A) Northern part of Rajasthan

(B) Coimbatore Plateau of Tamil Nadu

(C) Eastern part of Maharashtra

(D) Southern part of Uttar Pradesh

142. The zone wherein rivers re-emerge without having any properly demarcated channel and have swampy conditions is known as :

(A) Bhabar (B) Tarai

(C) Bhangar (D) Khadar

143. In which part of India, Shola forests are found ?

(A) Aravalli Hills near Mount Abu

(B) Siwalik Himalayas

(C) North-Eastern Himalayas

(D) Nilgiris, Annamalai and Palani Hills.



mpcareer

144. जनगणना, 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से किस केन्द्रशासित प्रदेश में निम्नतम लिंगानुपात दर्ज हुआ था ?

(A) दमन एवं दीव

(B) अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह

(C) दादरा एवं नगर हवेली

(D) चंडीगढ़

145. निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय जनसंख्या नीति-2000 का एक लक्ष्य **नहीं** था ?

(A) स्कूल छोड़ने की दर को 20% से नीचे लाना ।

(B) 2010 तक सभी के लिए प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल और बाल स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना ।

(C) 16 वर्ष की आयु तक स्कूली शिक्षा सभी के लिए निःशुल्क और अनिवार्य ।

(D) जन्म-मृत्यु, विवाह और गर्भधारण के 100% पंजीकरण करवाना ।

144. Which Union Territories among the following recorded the lowest sex-ratio as per census, 2011 ?

(A) Daman and Diu

(B) Andaman and Nicobar Islands

(C) Dadra and Nagar Haveli

(D) Chandigarh

145. Which one of the following was *not* a goal of National Population Policy, 2000 ?

(A) To bring down the incidence of school dropouts to less than 20%.

(B) To make the reproductive health care and child health care services available to all by 2010.

(C) To make school education upto 16 years of age free and compulsory for all.

(D) To achieve 100% registration of births, deaths, marriages and pregnancies.

mpcareer

146. निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

(1) राष्ट्रीय विकास परिषद् (NDC) की स्थापना 1962 में हुई ।

(2) NDC का एक कार्य है राष्ट्रीय विकास पर प्रभाव डालने वाले महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक प्रश्नों पर विचार करना ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/कौनसे **सही** है/हैं ?

(A) केवल (1)

(B) केवल (2)

(C) दोनों (1) एवं (2)

(D) न तो (1) न ही (2)

147. शहर की अवस्थिति के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा एक **गलत** युग्म है ?

(A) नदी किनारे की अवस्थिति – कोटा

(B) झील किनारे की अवस्थिति – भोपाल

(C) समुद्र के सामने की अवस्थिति – चेन्नई

(D) पहाड़ी स्थान की अवस्थिति – मदुरै (मदुराइ)

146. Read the following statements carefully :

(1) The National Development Council (NDC) was founded in 1962.

(2) One of the functions of NDC is to consider the important social and economic questions having a bearing on National Development.

Which of the above statement(s) is/are *correct* ?

(A) Only (1)

(B) Only (2)

(C) Both (1) and (2)

(D) Neither (1) nor (2)

147. Which one is an *incorrect* match about the location of a city ?

(A) River front location - Kota

(B) Lake front location - Bhopal

(C) Sea front location - Chennai

(D) Hilly location - Madurai



mpcareer

148. निम्नलिखित में से कौनसा औद्योगिक क्षेत्र हल्के एवं बाजार-उन्मुख विनिर्माण के आधार पर विकसित हुआ ?

(A) गुड़गाँव (गुरुग्राम)-दिल्ली-मेरठ

(B) अहमदाबाद-बड़ौदा

(C) हुगली क्षेत्र

(D) विशाखापट्टनम्-गुण्टूर

149. निम्नलिखित में से कौनसा **गलत** सुमेलित है ?

(A) काली मिट्टी - दक्कन का पठार

(B) लैटेराइट मिट्टी - पश्चिमी घाट (1000 से 1500 मी.)

(C) मरुस्थली मिट्टी - राजस्थान के जोधपुर एवं बीकानेर जिले

(D) दलदली मिट्टी - खम्बात की खाड़ी

150. निम्नलिखित में से कौनसे भारत में हरित क्रांति के घटक थे ?

(1) कृषि मशीनीकरण

(2) ग्रामीण सड़कें और विपणन

(3) भूमि जोतों का समेकन

(4) जैविक खेती

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

(A) (1) (2) एवं (4)

(B) (1), (2) एवं (3)

(C) (1), (3) एवं (4)

(D) सभी (1), (2), (3) एवं (4)

148. Which one of the following Industrial Belts has developed based on light and market-oriented manufacturing ?

(A) Gurgaon (Gurugram)-Delhi-Meerut

(B) Ahmedabad-Baroda

(C) Hugli Belt

(D) Visakhapatnam-Guntur

149. Which of the following is an *incorrect* combination or match ?

(A) Black soil – Deccan Plateau

(B) Laterite soil – Western Ghats at 1000 to 1500 mts.

(C) Desert soil – Jodhpur and Bikaner districts of Rajasthan

(D) Marshy soil – Gulf of Khambat

150. Which of the following were the components of Green Revolution in India ?

(1) Farm mechanisation

(2) Rural roads and marketing

(3) Consolidation of Land holdings

(4) Organic farming

Select the correct answer from the codes given below :

(A) (1), (2) and (4)

(B) (1), (2) and (3)

(C) (1), (3) and (4)

(D) All of the (1), (2), (3) and (4)

## (SPACE FOR ROUGH WORK)

### रफ़ कार्य के लिए जगह

mpcareer

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

mpcareer